बेस्ट फुटबाल खिलाड़ियों ...

एसवीएसयू चलाएगा कौशल अभियान

जासं, गुरुग्राम : श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसयू) सेवा साधना तथा ग्राम विकास केंद्र के साथ मिलकर पानीपत जिले में कौशल अभियान चलाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू और सेवा साधना तथा ग्राम विकास केंद्र के अध्यक्ष पवन जिंदल की उपस्थिति में एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए हैं। एसवीएसयू के कुलसचिव प्रोफेसर आरएस राठौड़ और केंद्र के सचिव राकेश अग्रवाल ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत समालखा के पट्टी कल्याणा स्थित सेवा साधना तथा ग्राम विकास केंद्र में पांच शार्ट टर्म कौशल कोर्स शुरू किए जाएंगे।

राज नेहरू, कुलपति, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय • जागरण आर्काइव

एसवीएसयू के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि बेरोजगारी खत्म करने के लिए कौशल अत्यंत आवश्यक है। विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर कौशल के अभियान को और व्यापक बनाएगा ताकि हर युवा को कुशल बनाकर उसे इंडस्ट्री और स्वावलंबन के लिए सक्षम बनाया जा सके। प्रो. आरएस राठौड़ ने बताया कि सेवा साधना केंद्र में कंप्यूटर, स्मार्ट प्लंबिंग, स्मार्ट इलेक्ट्रीशियन, ब्यूटी वैलनेस और सिलाई के शार्ट टर्म कोर्स शुरू होंगे। इससे आसपास के ग्रामीण अंचल के युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे।